एक नजर में

बिजली कंपनी को मिली स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की जानकारी

शाजापुर, 24 दिसंबर .शाजापुर शहर में स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली चोरी के 50 से अधिक मामले सामने आए हैं .बिजली कंपनी को इंदौर से मिली एक सूची के आधार पर 1 दिसंबर से अब तक शहर के विभिन्न इलाकों में इन गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है .बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार इंदौर मुख्यालय से प्राप्त सूची में उन उपभोक्ताओं के मीटर चिह्नित थे जिनमें तकनीकी खराबी या छेड़छाड़ की आशंका थी .शिकायत मिलने के बाद कंपनी की टीम ने शहर में फील्ड जांच की .जांच के दौरान कई स्थानों पर स्मार्ट मीटर में जानबूझकर छेड़छाड़ कर बिजली चोरी किए जाने की पुष्टि हुई .इन मामलों में संबंधित मीटर जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया है और उपभोक्ताओं की नियमानुसार बिलिंग की जा रही है .

स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ पर तुरंत पकड़े जाएंगे दोषी

बिजली कंपनी के जेई रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ पाई गई है, उनके मीटर जब्त कर पंचनामा बनाया गया है . साथ ही नियमानुसार अतिरिक्त बिलिंग की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी .बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें .कंपनी ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर प्रणाली के माध्यम से किसी भी गड़बड़ी की जानकारी स्वत : प्राप्त हो जाती है, जिससे दोषियों के खिलाफकार्रवाई किया जाना तय है .

कलेक्टर ने मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में विकास कार्यों का किया निरीक्षण

शाजापुर, 24 दिसंबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिला मुख्यालय स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में विकास कार्यों का निरीक्षण किया .इस दौरान कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किए जा रहे मंदिर के विकास कार्यों, आरईएस विभाग के तहत मंदिर सभामंडल के कार्यों तथा नगरपालिका द्वारा मेला परिसर में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त विकास के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयसीमा में पूर्ण कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए . इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मनीषा वास्कले, आशीष नागर, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी हर्षवर्धनसिंह मुवेल, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संजय कुमार मेहर, नगरपालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित सहित निर्माण विभागों के इंजीनियर उपस्थित थे .

सोनानिया अध्यक्ष, रामदिया बने सचिव

शाजापुर, 24 दिसंबर .मप्र कांट्रेक्टर एसोसिएशन के मार्गदर्शन मे शाजापुर कान्ट्रैक्टर एसोसिएशन का गठन किया गया .यह एसोसिएशन ठेकेदारों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करेगी .इस दौरान सभी की सहमति से देवीप्रसाद सोनानिया को एसोसिएशन का अध्यक्ष तथा मनीष रामदिया को सचिव नियुक्त किया गया .इसके अलावा गजेंद्रसिंह सिकरवार बंटी को कार्यकारी अध्यक्ष, धीरेन्द्रसिंह भदौरिया उपाध्यक्ष, राजेंद्र अग्रवाल उपाध्यक्ष, मोहम्मद जफर कुरैशी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया .इसके साथ ही कार्यकारी सदस्यों में राजू दरबार, एलकारसिंह दरबार, दिलीपसिंह कराड़ा, महेंद्रसिंह सोन्ती, सुनील मुकाती, मुकेश जैन, सतीश भावसार, योगेन्द्र शुक्ला को शामिल किया गया . मंगलवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अन्य सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया .

ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क निर्माण का मिला भरोसा

मामला-अमरकोट और सरदारपुरा के ग्रामीण के ढाई किलोमीटर सड़क का मामला

सोयतकलां, 24 दिसंबर. जिला पंचायत सदस्य के लिए 29 दिसंबर को होने वाले मतदान से पूर्व सड़क निर्माण नहीं होने पर ग्राम अमरकोट के ग्रामीणों का विरोध सामने आने के बाद बुधवार को इस सडक निर्माण के संबंध में अधिकारियों द्वारा स्थिति स्पष्ट करते हुए जल्द ही सड़क निर्माण की बात कही गई है.

इस संबंध में अधिकारियों के द्वारा ग्राम अमरकोट एवं सादलपुर के ग्रामीणों को बताया कि अमरकोट से बनने वाली सड़क को मंजूरी मिल चुकी है. मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना में इसका कार्य मार्च के अंत तक प्रारंभ हो जाएगा. सड़क की चोड़ाई 24 फिट रहेगी और नदी के उपर बड़ा ब्रिज बनाया जाएगा, जो कि प्रधानमंत्री सड़क योजना को अंतर्गत बनाया जाएगा. बता दें कि आजादी के बाद से अभी तक सड़क एवं पुलिया का निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों का विरोध मतदान के दौरान सामने आ रहा था. ग्रामीणों ने एकजुट होकर चुनाव का बहिष्कार करने की रूपरेखा तैयार की है.

ग्रामीणों की पीड़ा, 78 वर्षें से सड़क का नहीं हुआ निर्माण...

ग्रामीणों ने बैनर हाथ में लेकर गांव में ही रैली निकाली, साथ ही रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए थे . ग्रामीणों ने बताया की 78 वर्षों से हमारे गांव की ढाई किलोमीटर सडक का निर्माण नहीं हो पाया है . जिस सड़क के निर्माण की मांग ग्रामीण कर रहे हैं . उसमें अमरकोट, सरदारपुरा त्रिलोकपुर, धतुरिया, मैनपुर, रामपुरिया जुड़ा हुआ है . यहां पर करीब 3000 की आबादी है . ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में इतने वर्षो में जो भी जनप्रतिनिधि व अधिकारी आए उन्होंने हमारी समस्या हल नहीं की . जिसके चलते वे मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं . ग्रामीण कैलाश विश्वकर्मा, रामनारायण विश्वकर्मा, अशोक, मांगीलाल सोलंकी, महेश, नेमीचंद जैन, अनिल जैन, सीताराम गुर्जर, प्रभुलाल गुर्जर, अमरलाल मेघवाल, रामकिशन आदि ने बताया कि इस समस्या को लेकर अधिकारियों ने भी अभी तक गंभीरता नहीं दिखाई है . ग्रामीणों के विरोध के बाद अधिकारियों के द्वारा दिए गए आवश्वासन के बाद ग्रामीणों के चुनाव में मताधिकार के उपयोग किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है .

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से रहेगा शुष्क दिवस

सोयतकलां, 24 दिसंबर. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के घोषित निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 1 सुसनेर में सदस्य पद के लिये मतदान 29 दिसंबर को सम्पन्न होंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने निर्विघ्नं एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाने हेतु मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 27 दिसंबर की दोपहर 3 बजे से 29 दिसंबर को मतदान समाप्ति तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है.

उक्त अवधि में निर्वाचन क्षेत्र की भौगोलिक सीमा से लगी 05 किलोमीटर की परिधि की समस्त देशी एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान जिसमें कंपोजिट मदिरा दुकान सुसनेर क्रमांक 01 एवं 02, कंपोजिट मदिरा दुकान सोयतकलां क्रमांक 01 एवं 02, कंपोजिट मदिरा दुकान मेना रोड, श्यामपुर, डोंगरगांव, गुराडिया सोयत, गुराडिया बंगला तथा सोयत खुर्द पूर्णत: बंद रहेगी. शुष्क दिवस अवधि में मदिरा का क्रय-विक्रय, भण्डारण पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा.

मतदाता सूची से 29 हजार 833 नाम हटे

जिले की तीनों विधानसभाओं की प्रारूप सूची प्रकाशित, 3 हजार 658 नए नाम जुड़े

शाजापुर, 24 दिसंबर. जिले की तीनों विधानसभा शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण 2026 का प्रारूप मंगलवार शाम को प्रकाशित कर दिया गया. जिले में कुल 7,05,631 मतदाताओं में से 6,75,798 का सत्यापन बीएलओ द्वारा किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 95ण77 प्रतिशत है.

पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक 3,658 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं. वहीं, 29,833 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं. हटाए गए नामों में 16, 466 मतदाता स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित पाए गए, जबकि 8, 285 मतदाताओं की मृत्यु दर्ज की गई. तीनों विधानसभाओं में सबसे अधिक नाम शाजापुर विधानसभा से कम हुए हैं, जहां 10,906 मतदाताओं के नाम हटाए गए. शुजालपुर विधानसभा में 10,495 और कालापीपल विधानसभा में 8,432 नाम कम हुए हैं.

विधानसभा वार वितरण...

शाजापुर विधानसभा 167-कुल 2,49,137 मतदाता, जिनमें 2,38,231 का सत्यापन हुआ ,95.62 प्रतिशत, 2,197 नए नाम जोड़े गए, 10,906 हटाए गए. शुजालपुर विधानसभा 168 में कुल 2,23,805 मतदाता, 2,13,310 का सत्यापन, 95.31 प्रतिशत, 1,115 नए नाम जोड़े गए, 10ए495 हटाए गए. कालापीपल विधानसभा 169 में कुल 2,32,689 मतदाता, 2,24,257 का सत्यापन ,96,38 प्रतिशत, 346 नए नाम जोड़े गए, 8,432 हटाए गए.

चुनाव की हर एक बारीकी समझें : कलेक्टर

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

सोयतकलां, 24 दिसंबर. मतदानकर्मी चुनाव की हर एक बारीकी को समझें, जितना गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, चुनाव करवाने में उतनी ही आसानी होगी. यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने मतदानकर्मियों से कही.

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अन्तर्गत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 01, सुसनेर में जिला पंचायत सदस्य पद के लिये 29 दिसंबर को मतदान होंगे. निर्विघ्नं, शांतिपूर्वक और त्रुटि रहित मतदान संपन्न करवाने हेतु बुधवार को पुष्पा कॉन्वेंट स्कूल आगर में मतदान दलों को हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण दिया गया. मतदानकर्मियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव की हर एक बारिकी बताई गई. कलेक्टर ने कहा कि मतदानकर्मी चुनावी कार्य को पूरी गंभीरता से लें, इसमें किसी प्रकार की त्रुटी न करें, जो भी शंका हो उसका मौके पर मास्टर ट्रेनर से समाधान कर ही प्रशिक्षण स्थल छोड़े. प्रशिक्षण में मतदानकर्मियों को बीयू, सीयू, वीवीपीएटी आदि को आपस में जोड़ने की प्रक्रियां, प्रारंभिक, एरर, प्रपत्रों की पूर्ति, मॉकपोल सहित सभी जानकारी से अवगत करवाया. साथ ही पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी कमांक 1, 2, 3 को उनके दायित्वों की जानकारी देकर मतदान प्रारंभ होने से पूर्व और पश्चात् की गतिविधियों की बारे में बताया गया. मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का भी मौके पर समाधान किया गया. निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव, मास्टर ट्रेनर रजनीश स्वर्णकार, इरफान खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

हमारा काम समाज में रचनात्मक कार्यो को बढ़ाना : विष्णु प्रसाद

शुजालपुर, 24 दिसंबर. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अकोदिया सेक्टर शुजालपुर विकासखंड नवांकुर संस्था अकोदिया नगर जन उत्थान समिति के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमें नगर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित रहे, इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, ब्लॉक समनव्यक सीमा बैंडवाल, सेक्टर प्रभारी राहुल विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह तोमर, हेमंत जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में प्रथम सत्र में जन अभियान परिषद के कार्यों की जानकारी ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल ने दी. पुलिस प्रशासन के द्वारा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा को लेकर प्रदीप सिंह तोमर अकोदिया पुलिस के द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई. इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी राहुल विश्वकर्मा द्वारा विस्तार से प्रस्फुटन समिति के द्वारा पर्यावरण, जल संरक्षण, सामाजिक गतिविधियों, महापुरुषों की जयंती पर अपने विचार व्यक्त किए. हेमंत जायसवाल ने स्वदेशी के विषय पर अपने विचार विस्तार से व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने स्वदेशी अभियान के बारे में अवगत कराया. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समय विष्णु प्रसाद नागर ने कहा कि हम सामाजिक जागरूकता के साथ मध्य प्रदेश शासन के कार्यों को आम नागरिक तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं, जिसमें जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन योजना एवं नवांकुर योजना विशेष रूप से समाज परिवर्तन के कार्य में लगी हुई है. सामाजिक चेतना के लिए जन अभियान परिषद व्यापक स्तर पर मध्य प्रदेश में काम कर रहा है, प्रथम सत्र में संचालन हेमंत जायसवाल एवं दूसरे सत्र में कमल सांखला एवं आभार अशोक राठौड़ ने माना. ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोहलिया, चपाड़िया, अजनई, उचवाद, खेड़ी नगर, अकोदिया नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप 25 को

शाजापुर, 24 दिसंबर. सॉफ्टबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में 38वीं राज्यस्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन हाई सेकेंडरी ग्राउंड पर आज गुरूवार से होगा. इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 500 खिलाड़ी भाग लेंगे. शाजापुर में यह आयोजन लगभग डेढ़ दशक के बाद होने जा रहा है. इस प्रतियोगिता का उद्घाटन शाजापुर के विधायक अरुण भीमावद करेंगे. उक्त प्रतियोगिता दो दिन चलेगी. 25 एवं 26 दिसंबर को राज्य के खिलाड़ी शाजापुर में अपना प्रदर्शन करेंगे. राष्ट्रीय स्तर के लिए शाजापुर से मध्य प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा. उक्त जानकारी सॉफ्टबॉल संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र गोठी ने दी.

केसीसी धारित ऋणी किसानों का शत-प्रतिशत फसल बीमा कराएं

शाजापुर, 24 दिसंबर. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी 2025-26 के लिए केसीसी धारित ऋणी कृषको की अधिसूचित फसलों का बीमांकन बैंक द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर किया जा रहा है. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने बैंक ऑफइंडिया जिला अग्रणी प्रबंधक तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्य कार्यपालन अधिकारी से कहा है कि रबी 2025-26 में कृषको के खाते में प्रीमियम नाम करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर एवं बैंक द्वारा बीमा कंपनी को प्रीमियम प्रेषित करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी है. रबी 2025-26 में वर्तमान में अल्प कृषको का बीमांकन पोर्टल पर दर्ज है तथा केसीसी सेचुरेशन भी अत्यंत अल्प है. भारत सरकार द्वारा संदर्भित पत्रों एवं साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निर्देशित किया गया है.

कैलाश यादव बने बार एसोसिएशन अध्यक्ष, 64 प्रतिशत मत मिले

प्रीतम उपाध्यक्ष, संजय सचिव, चांदसिंह सह सचिव, कैलाश कोषाध्यक्ष व मांगीलाल पुस्तकालय अध्यक्ष निर्वाचित

शुजालपुर, 24 दिसंबर. अभिभाषक संघ शुजालपुर की निर्वाचन प्रक्रिया तहत मंगलवार को मतदान हुआ, अभिभाषक संघ के पदाधिकारी चुनने के लिए अभिभाषकों में भी खासा उत्साह देखा गया. संघ के चुनाव में 94 प्रतिशत मतदान हुआ, संघ के कुल 6 पदों में से 5 पदों के लिए मतदान हुआ, कोषाध्यक्ष के पद पर अभिभाषक कैलाश सरोठिया का एक मात्र नामांकन होने से वे निर्विरोध निर्वाचित हुए. चुनाव प्रचार के दौरान अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों के लिए मुकाबला रोचक दिखाई दे रहा था लेकिन परिणाम अधिकांश पदों के एक तरफा रहे. अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 अभ्यार्थी थे, जिसमें से निर्वाचित हुए कैलाश यादव को एक तरफा 64 प्रतिशत मत प्राप्त हुए.

अभिभाषक संघ के निर्वाचित हुए पदाधिकारी

अभिभाषक संघ चुनाव की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार, सहायक निर्वाचन अधिकारी नीरज सक्सेना व अशोक तिवारी के निर्देशन में हुई. इस चुनाव में कुल 266 अभिभाषकों को मत देने का अधिकार था, जिसमें से 251 अभिभाषकों को मतदान किया. मतदान की प्रक्रिया सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक सम्पन्न हुई. इसके उपरांत मतगणना की गई और परिणाम की घोषणा हुई. अध्यक्ष पद के लिए डाले गए मतों में से कैलाश यादव को 160, महिपाल सिंह राजपूत को 46, सचिन सबनीश को 36 तथा आनंद कुमार बडोने को 6 मत प्राप्त हुए और कैलाश यादव अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए. उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे प्रीतम सिंह राणा को 146 व दिलीपसिंह गुर्जर को 97 मत प्राप्त हुए, प्रीतम सिंह राणा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए. इसी प्रकार सचिव पद के लिए संजय कुमार शर्मा को 164 व जयप्रकाश मीना को 84 मत मिले और संजय कुमार शर्मा विजयी हुए. सह सचिव पद के लिए चांद सिंह राजपूत को 135, हेमंत मेवाडा को 56, इसहाक खान को 45 तथा बनवारी अहिरवार को 12 मत प्राप्त हुए और चांदसिंह राजपूत निर्वाचित हुए. पुस्कालय अध्यक्ष पद के लिए मांगीलाल परिहार को 90, कृष्णमोहन यादव को 78, अर्पित जैन को 46 व जीवन बामनिया को 34 मत मिले तथा मांगीलाल परिहार पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए. परिणाम की घोषणा उपरांत निर्वाचित हुए पदाधिकारियों को माला पहनाकर अभिभाषकों ने बधाई दी और परिसर में शाम को विजय जुलूस निकाला गया. बता दे इस बार बार एसोसिएशन शुजालपुर के चुनाव मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के दिशा निर्देश व नियमों के तहत सम्पन्न कराए गए. इस चुनाव की प्रक्रिया को एक अभिभाषक ने हाई कोर्ट व अधिवक्ता परिषद में चुनौती भी दी थी, लेकिन निर्वाचन अधिकारियों की प्रक्रिया को राज्य अधिवक्ता परिषद ने सही मानते हुए चुनौती खारिज की थी.

बांग्लादेश की घटनाओं पर चुप क्यों है बुद्धिजीवी : साध्वी प्राची सिंह



शाजापुर, 24 दिसंबर. जहां भी संख्या बल कम होता है वहां हिंदू समाज को प्रताड़ित किया जाता है. जो लोग केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स को झूठा कह रहे थे वो आज हकीकत में बांग्लादेश स्टोरी देख लें. बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही क्रूरता ना केवल निंदनीय है बल्कि बेहद दर्दनाक और शर्मनाक भी है.

यह बात उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए जा रही प्रखर हिंदू वक्ता साध्वी प्राची सिंह ने बुधवार को शाजापुर अल्प प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में कही. उन्होंने स्थानीय मां राजराजेश्वरी माता मंदिर में दर्शन भी किए. इस दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए साध्वी प्राची सिंह ने बांग्लादेश की घटना पर बुद्धिजीवी वर्ग की चुप्पी को देश के लिए अत्यंत दुखद बताया. उन्होंने कहा कि मैं भारत की सरकार से निवेदन करती हूं कि समय आ गया है अब फाटक खोल दें ताकि बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिंदू अपने राष्ट्र में सुरक्षित रह सके. उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में हो रहे हिंदू समाज के नरसंहार को लेकर सेक्यूलर गेंग खामोश बैठी है. बिहार में नीतीश कुमार के नकाब हटाने पर बवाल करने वाले बांग्लादेश में दीपूदास के सरेआम जिंदा जलाए जाने पर गूंगे बहरे हो गए हैं. नितिश कुमार ने नकाब हटाकर क्या गलत किया उन्होंने यही देखा कि नकाब में डिग्री लेने वाली सलमा है या नकाब की आड़ में कोई सलमान डिग्री लेने आ गया. पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाए जाने के सवाल पर भी साध्वी प्राची सिंह ने बेबाकी से कहा कि हिंदुस्तान में किसी आक्रांता की विचारधारा के लिए कोई स्थान ना कभी था, ना है और ना ही कभी रहेगा. इस दौरान उनके साथ पचोर के प्रमोद सोनी, नाथ समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्रनाथ योगी, हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनुप किरकिरे, गौरक्षा प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी जीवननाथ योगी, सुनील नाथ योगी तथा चंचलनाथ योगी सहित अन्य हिंदू संगठन प्रमुखों द्वारा आत्मीय सत्कार किया गया.

एक नजर में

जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में वित्तमान प्रस्तावित करने का निर्णय लिया

गुलाब, गेंदा, अश्वगंधा, इसबगोल जैसी फसलों पर किसानों को मिलेगा वित्तमान

शाजापुर, 23 दिसंबर. उद्यानिकी फसलों जैसे गुलाब, गेंदा तथा औषधी फसलों चियासीड, अश्वगंधा, इसबगोल, तुलसी, सफेद मुसली, कालमेग, असालिया, अजवाईन, चियासीड आदि फसलों के वित्तमान प्रस्तावित करने का निर्णय लिया गया है. अब जिले के किसानों को उक्त उद्यानिकी एवं औषधी फसलों में वित्तमान मिलने लगेगा. जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी. जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में वित्तमान प्रस्तावित करने का निर्णय लिया गया है.

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस जिले के समस्त वाणिज्य बैंक, सहकारी बैंक तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में फसलों के ऋणमान के लिए जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में उपायुक्त सहकारिता ओपी गुप्ता, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड धीरेन्द्र कोरी, सीईओ सीसीबी सुश्री कोमल डहाके, किसान संघ के अध्यक्ष सवाईसिंह सिसोदिया, उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ.जीआर अम्बावतिया, पशुपालन उपसंचालक डॉ. प्रशांत महाडिक, उपसंचालक उद्यानिकी मनीष चौहान, लीड बैंक प्रबंधक विनोद कुशवाह, कृषि वैज्ञानिक डॉ.डीके तिवारी, मुकेश पाटीदार, अक्षय स्वेन, भगवान सिंह परिहार सहित प्रगतिशील कृषकगण आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे.

सोलर पंप पर ऋण दिए जाने की सहमति दी गई...

बैठक में शाजापुर जिले के लिए वर्ष 2026-27 के लिए रबी एवं खरीफ की फसलों के लिए ऋणमान अर्थात स्केल ऑफ फायनेंस का निर्धारण किया गया . बैठक में पशुपालन एवं मत्स्य व्यवसाय कार्यशील पूंजी के लिए साख सीमा निर्धारित की हैं, जिसमें मत्स्य विभाग के अधिकारी को बायोफ्लाक शामिल करने के निर्देश दिए गए . इस दौरान मध्यवधि एवं दीर्घ अवधि ऋण देने के लिए ड्रिप सिंचाई, स्प्रींकलर सेट पोर्टेबल स्प्रींकलर एचडीपीई मीनी स्प्रींकलर स्टील, मल्चिंग, शेडनेट हाउस ट्यूब्लर स्ट्रक्चर, पॉलीहाउस पिछले वर्ष अनुसार आदि योजनाएं शामिल है . साथ ही समिति द्वारा मध्यवधि ऋण अंतर्गत सोलर पंप पर ऋण दिये जाने की सहमति दी गई .कलेक्टर ने उड़द, गेहूं सिंचित, मक्का, मसूर, आलु, लहसुन की फसल के वितमान गत वर्ष से बढ़ाकर किए जाने तथा शेष फसलों के वितमान गत वर्ष के समान रखने के निर्देश दिए . साथ ही अगले वितीय वर्ष के लिए किसान क्रेडिट कार्ड के ऋण की अधिकतम साख सीमा, ऋण वितरण की अवधि तथा ऋण की अदायगी तिथि का निर्धारण भी किया गया . इसके अलावा नाबार्ड द्वारा पशुपालन, मत्स्य पालन व अन्य कृषि व्यवसायों को कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किसान क्रेडिट कार्ड सुविधा के विस्तार के लिए स्केल ऑफ फायनेंस का निर्धारण किया गया .